फर्द अहकाम

अज अदालत संभागीय आयुक्त जोधपुर

M/s Ambrosia Orchards Pvt.Ltd बनाम जिला कलेक्टर जैसलमेर

किस्म मुकदमा–राजस्व अपील अन्तर्गत धारा 75 राज.भू–राजस्व अधि0 1956 सं036/2026

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
03.02.2026	पत्रावली बाद कार्यालय जॉच होकर पेश हुई जो दर्ज रजिस्टर की गई। अपीलान्ट के विद्वान अधिवक्ता के द्वारा दिनांक 03.02.2026 को एक प्रार्थना पत्र अपील को जरिये विड्रो करने बाबत, पेश करते हुए यह कथन किया गया कि अपीलान्ट अब उक्त अपील को आगे नहीं चलाना चाहते है तथा अपील को विड्रो करना चाहते है। अतः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन है कि प्रस्तुत प्रार्थना पत्र को स्वीकार कर अपील को विड्रो किये जाने का आदेश फरमावें। अपीलान्ट के विद्वान अधिवक्ता के द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का बगौर अवलोकन किया गया उसमें अंकित तथ्यो पर गहनता से चिन्तन एवं मनन किया गया। अपीलार्थी उक्त विचाराधीन अपील को आगे नहीं चलाना चाहते है। ऐसे में अपीलान्ट के विद्वान अधिवक्ता के द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 03.02.2026 को स्वीकार किया जाकर अपील के गुणावगुण पर विचार किये बिना इस अपील को और विचाराधीन नहीं रखते हुए इसी स्तर पर निस्तारण करते हुए अपील को जरिये विड्रो खारिज किया जाता है। पत्रावली दर्ज फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर की जाये। सम्भागीय आयुक्त, जोधपुर	

न्यायालय सम्भागीय आयुक्त जोधपुर